SHRI SANDESH

SHRIRAM

खंड 17 | फरवरी 2021

एम. डी. की बात



प्यारे दोस्तों,

साल 2021 हम सभी के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है और हम सभी एक नए और अलग तरीके से जीना सीख रहे हैं। शुक्र है, व्यवसाय भी पुनः जोर पकड़ने लगे हैं, और यह देखकर हर्ष और उम्मीद बढ़ रहीं हैं।

आगे के लिए, मेरी आपसे यही विनती है कि आप पूरी सावधानी बरतें और कोविड के नियमों का सख्ती से पालन करें। इस तरह आप अपने और अपने परिजनों के जीवन को सुरक्षित रख पाएँगे।

जीने का यह नया तरीका हमें पाबंदियों के बावजूद अपने ग्राहकों तक पहुँचना और ज़रूरत की घड़ी में उनकी मदद करना सिखा रहा है।

ऐसी चुनौतियाँ हमें भी मजबूर करती हैं कि हम लगातार खुद में निखार लाते रहें और नई उँचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी काबिलियतों को बढ़ाते रहें।

हमारे श्रीराम ऑटोमॉल में आप खरीदने और बेचने के लिए pre-owned / रीकंडीशन की हुई गाड़ियाँ पाएँगे। हमारे दोस्ताना कर्मचारी आपकी मदद करेंगे ताकि आप बड़ी आसानी से भरोसेमंद प्री-ओंड गाड़ी पा सकें। आपकी सेवा में हमारे पास कमर्शियल और पैसेंजर गाड़ियों के, निर्माण और औद्योगिक मशीनों के, ट्रैक्टर और कृषि-संबंधी उपकरणों के, दो पहिए और तीन पहिए गाड़ियों के बड़े विकल्प उपलब्ध हैं।

इतना ही नहीं, ऑटोमॉल में आपको सबसे किफायती फायनैंस के विकल्प भी मिलेंगे, और साथ ही ऐसी सर्विस मिलेगी जो केवल गाड़ी बेचने तक ही सीमित नहीं है। इस तरह आप बगैर किसी परेशानी के आसानी से गाड़ी खरीद या बेच सकते हैं।

लेन-देन को और भी आसान बनाने के लिए, श्रीराम ऑटोमॉल १००० से ज़्यादा इवेंट्स चला रहा है, जिसके लिए हम अपने सुव्यवस्थित साधनों और ऑनलाईन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। इसकी वजह से यह गाड़ियों के खरीदने-बेचने में भारत का सबसे बड़ा ऑनलाईन और ऑफलाईन प्लैटफॉर्म बन गया है।

हालाँकि हम रोज़-मर्रा के काम-काज और व्यवहार में व्यक्तिगत रूप से मिलने जुलने का अहमियत समजते हें, वही साथ ही हम अपने डिजिटल शक्तियों से आपको सशक्त करने में कार्यरत हें जिससे आपको व्यवसाय में सहूलियत हो और हमारे संबंध और भी मजबूत हो सके।

भविष्य की बात करें तो हम अपनी अर्थ-व्यवस्था को फिर से ठीक होते हुए देख रहे हैं और यह हमारे लिए एक बढ़िया अवसर है कि हम आपको ज़्यादा-से-ज़्यादा फायदा पहुंचाने के लिए अपना बेहतरीन देने की कोशिश करें।

जय हिंद

उद्योग समाचार और अपडेट



कोविड-19 वैक्सीन को लाने ले जाने के लिए टाटा मोटर्स ने अपनी रेफ्रिजरेटेड ट्रकों की बड़ी श्रेणी पेश की

टाटा मोटर्स ने घोषणा की है कि देश-भर में कोविड-19 की वैक्सीन को लाने ले जाने के लिए उनकी रेफ्रिजरेटेड ट्रकों की बड़ी श्रेणी उपलब्ध होगी। यह निर्माता वैक्सीन को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुँचाने के लिए ट्रकों की एक बड़ी श्रेणी पेश कर रहा है। ये वैक्सीन-ट्रक और वैन सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) से खरीदे जा सकते हैं। टाटा मोटर्स का कहना है कि गाड़ियों की इस नई श्रेणी को आवश्यक तापमान, साईज़ और वज़न को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

एस्कॉर्ट्स भारत में लाँच करेगा बिजली से चलनेवाला ट्रैक्टर

एस्कॉर्ट्स लिमिटेड के कृषि मशिनरी विभाग को बिजली से चलनेवाले अपने ट्रैक्टर के लिए बुदनी के केंद्रीय कृषि मशिनरी प्रशिक्षण एवं परिक्षण संस्थान की तरफ से प्रमाणपत्र मिल गया है। इसका वर्णन "एस्कॉर्ट्स लिमिटेड, फार्मट्रैक (26E) एस्कॉर्ट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कृषि ट्रैक्टर" के तौर पर किया गया है जो केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (1989) के मानदंडों के मुताबिक है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

सरकार: एक सप्ताह में 534 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का रिकॉर्ड निर्माण किया गया

सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया है कि जनवरी 8, 2021 को शुरू होनेवाले सप्ताह के दौरान 534 कि.मी. का राष्ट्रीय राजमार्ग बनाकर नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बताया गया है कि उन्होंने "8 जनवरी को शुरू हुए पिछले सप्ताह के दौरान 534 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कर एक रिकॉर्ड बनाया है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

सरकार अगले 5 सालों में ई-20 वाहनों के प्रवेश के पथ पर

सूत्रों नें बताया है कि सरकार ने 20% इथेनॉल के मिश्रित ईंधन पर चलनेवाली ई-20 गाड़ियों को 2025 तक मार्केट में लाने का लक्ष्य रखा है।

कैबिनेट सचिव, राजीव गौबा ने गुरुवार को करीब छ मंत्रालयों के साथ मीटिंग रखी जिसमें भारत में इथेनॉल पर चलनेवाली गाड़ियों के लिए रोड-मैप तैयार किया गया। इसके एक दिन पहले ही सरकार ने देश में इथेनॉल के उत्पादन को बढ़ाने की योजना घोषित की थी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

भारत में वेहिकल स्क्रैपेज पॉलिसी को मिली हरी झंडी

केंद्रीय बजट 2021 में पहली घोषणा की गई कि केंद्रीय सरकार ने आखिरकार वेहिकल स्क्रैपेज पॉलिसी को हरी झंडी दे दी है। यह एक वॉलंटरी स्कीम है जो पर्सनल और कमर्शियल गाड़ियों के लिए है। यह पॉलिसी 15-साल पुरानी पर्सनल गाड़ियों पर और 20-साल पुरानी कमर्शियल गाड़ियों पर लागू होगी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

जल्द ही, टूरिस्ट गाड़ियों के लिए एक बार ही नेशनल परमिट का वार्षिक फीस भरिए

सड़क परिवहन मंत्रालय इस सप्ताह शायद एक नई पॉलिसी निकालेगी जिसके तहत टूरिस्ट पैसेंजर गाड़ियाँ एक ही बार वार्षिक फीस भरके पूरे देश में बिना रोक यात्रा कर सकेंगी, बिलकुल जैसे ट्रक पूरे देश में यात्रा करने के लिए राष्ट्रीय परमिट फीस भरते हैं।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

आई.आर.डी.ए.आई. की सिफारिश, ट्रैफिक के नियमों के उल्लंघन का प्रिमीयम भरिए

विनियामक आई.आर.डी.ए.आई. के वर्किंग ग्रुप ने सिफारिश की है कि दुर्घटना में अपने नुकसान, थर्ड पार्टी और अन्य किस्म के वाहन बीमा प्रिमीयम के साथ-साथ 'ट्रैफिक के नियमों के उल्लंघन का प्रिमीयम' भी भरा जाना चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए देखें।

गाड़ियों के री-रजिस्ट्रेशन और फिटनेस टेस्ट की फीस बढ़ाई जा सकती है

सरकार सड़कों पर से पुरानी गाड़ियों की आवा-जाही कम करने के लिए पर्सनल गाड़ियों के री-रजिस्ट्रेशन के नवीनिकरण की फीस और कमर्शियल गाड़ियों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेशन की फीस बढ़ाने की सोच रही है।

अधिक जानकारी के लिए देखें।



ऑनलाईन लायसेंस रिन्यू करने और 15 अन्य सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आधार का प्रमाणीकरण आवश्यक

ड्राइविंग लाइसेंस धारकों और गाड़ी मालिकों को 16 किस्म के ऑनलाईन और संपर्क-रहित सेवाएँ प्राप्त करने के लिए अपने आधार का प्रमाणीकरण कराना होगा, जिससे उन्हें यातायात विभाग के चक्कर काटने से राहत मिलेगी।

अधिक जानकारी के लिए देखें।